Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134 / 2017..........1076 7

प्रेषक,

जय सिंह,भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी,
मधेपुरा, नालंदा, किशनगंज, अररिया,
जहानाबाद, अरवल, पं0 चंपारण एवं बांका।

पटना, दिनांक :– 09-09-2020

विषय :– नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के जिलों में पदस्थापन के पश्चात् विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा के लिए निदेशालय में पदस्थापित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों के क्षेत्रीय भ्रमण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के संचालन के लिए आपके जिलों में विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो एवं अमीन की पदस्थापना की गई है। जिला एवं निदेशालय स्तर पर सभी कर्मियों की शिविर टैगिंग का कार्य भी किया जा चुका है। प्रारंभिक स्तर पर जिलों के बन्दोबस्त कार्यालय एवं जिलों में पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा हो रहे सर्वेक्षण कार्यों के अवलोकन एवं समीक्षा हेतु भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में पदस्थापित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा उनके प्रभार वाले जिलों का भ्रमण कर समीक्षात्मक प्रतिवेदन तैयार किया जायेगा। इन पदाधिकारियों का भ्रमण कार्यक्रम निम्नवत् हैं:–

क्र0 सं0	भ्रमण करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम	भ्रमण किये जाने वाले जिला का नाम	भ्रमण की तिथि
01.	श्री दीपक कुमार, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	मधेपुरा	11.09.2020 एवं 12.09.2020
02.	श्री इन्दु भूषण श्रीवास्तव, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	नालंदा	
03.	श्री प्रकाश कुमार सिन्हा, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	किशनगंज एवं अररिया	
04.	श्री अशोक कुमार शर्मा, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	अरवल एवं जहानाबाद	
05.	श्री राजेश कुमार सिंह, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	पं0 चम्पारण	
06.	श्रीमती अंजली कुमारी आनंद, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	बांका	

उपर्युक्त सभी पदाधिकारियों द्वारा निदेशालय स्तर से निर्गत निर्देशों के अनुपालन में किये जाने वाले कार्य एवं MIS सॉफ्टवेयर के अनुसार किये जाने वाली कार्यों के संबंध में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की समीक्षात्मक बैठक के लिए जिला बन्दोबस्त कार्यालय का समीक्षात्मक प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा।

कृ0पृ0उ0

D:\Drive - D\Year 2020\Birendra Sir\Director\file no. 134_2017_09-09-2020.doc

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त पदाधिकारियों के लिए अपने जिले में आवासन हेतु जिला अतिथि गृह में समुचित व्यवस्था करने की कृपा की जाए एवं कार्यों की समीक्षा के लिए इन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए।

विश्वासभाजन

9/9/20

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134/2017 10767 पटना दिनांक :– 09-09-2020

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त /सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) को सूचनार्थ एवं उक्त तकनीकी दल को आवश्यक सहयोग एवं जिला अतिथि गृह में आवासन की व्यवस्था प्रदान करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134/2017 10767 पटना दिनांक :– 09-09-2020

प्रतिलिपि :– निदेशालय में पदस्थापित जिलों के प्रभारी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134/2017 10767 पटना दिनांक :– 09-09-2020

प्रतिलिपि :– श्री राकेश कुमार, सहायक, भू– अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं निदेश है कि सभी संबंधित पदाधिकारियों को एक–एक वाहन दिनांक– 11.09.2020 को प्रातः 5:00 बजे से उनके आवास पर उपलब्ध कराया जाय। साथ ही निदेश है कि सुयोग्य वाहन उपलब्ध कराया जाय क्योंकि इनके द्वारा जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया जाना है।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134/2017 10767 पटना दिनांक :– 09-09-2020

प्रतिलिपि :– सभी जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि भ्रमण की तिथि में संबंधित जिले में अपने कार्यालय में कर्मियों के साथ उपस्थित रहेंगे।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134/2017 10767 पटना, दिनांकः– 09-09-2020

प्रतिलिपि :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134/2017 10767 पटना दिनांक :– 09-09-2020

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

9/9/20